## सार-समाचार

### खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**उदयपुर**, (कासं)। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से राजकीय कार्यों के संपादन हेतु सतत कार्य करने की प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। 365 में से चार दिन तन-मन से खेलेंगे तो साल भर कार्य करने की ऊर्जा रिचार्ज हो जाएगी। यह कहना है उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत का। डॉ रावत बुधवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कृषि विभाग की राज्य स्तरीय 34वीं खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच इस प्रतियोगिता के आयोजन से आपसी मेलजोल भी बढ़ेगा। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि जीवन में शरीर एवं दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद भी आवश्यक है। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार एस के वर्मा, समाजसेवी प्रमोद सामर सहित प्रबुद्धजन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी तक आयोजित 4 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य के कृषि विभाग के 10 खण्ड और 1 आयुक्तालय सहित कुल 11 टीमों के खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं, प्रत्येक खण्ड से अधिकतम 50 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कृषि विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड, 400 मीटर दौड, 1500 मीटर दौड, रिले 4 गुणा 400 मीटर, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूद, तश्तरी फेक, भाला फेक (व्यक्तिगत प्रतियोगितायें) तथा टेबिल टेनिस, बैडमिटन, कैरम, शंतरज, बॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी एवं महिला खिलाड़ियों हेतु पारम्परिक खेल यथा-खो-खो, रूमाल झपट्टा, जलेबी दौड इत्यादि खेल आयोजित होंगे।

### धोखे से जमीन बेचने का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। पीडित की जमीन का मालिक बन कर कूटरचित दस्तावेज से जमीन बेचने वाले के खिलाफ प्रतापनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित शिवलाल पुत्र कालुलाल निवासी पाडला कुडी लसाड़िया ने शिवलालमीणा व लच्छीउर्फ बेनकी पत्नी चुन्नीलाल निवासी बाडा ढिकली बडगांव के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवचाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी स्वयं के खातेदारी की जमीन बाडा ढिकली तहसील बडगांव में स्थित है। गत दिनों मैं सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यकता होने पर नकल लेने पंचायत गया तो जमीन बेचे जाने की जानकारी सामने आई इस पर पडताल की तो 26 जून 2024 को अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी शिवलाल बन कर मेरी जमीन को लक्ष्मी उर्फ बेनकी को बेच कर रजिस्ट्री करवाने की जानकारी सामने आई। इस मामले में प्रतापनगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### घायल वृद्धा की मौत

**उदयपुर**, (कासं)। मवेशियों के लिए चारा लाते समय पहाड़ी से गिरने पर घायल वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में नाई थानाक्षेत्र अलसीगढ गांव निवासी नानी (65)पत्नी भेरू भील की पहाड़ी से गिरने पर घायल होने से उपचार के दौरान मौत हो गई।नानी मवेशियों के लिए चारा लेकर पहाड़ी निचे उतर कर घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते पांव फिसलने पर वह निचे गिर पड़ी। इसको देख परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई रामलाल ने पीहर रायता से परिजनों को बुलवा कर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर**, (कासं)। डबोक थाना क्षेत्र में श्रमिक की हादसे में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डबोक थाना क्षेत्र दरोली निवासी कैलाश (32) पुत्र पेमा गायरी की बाइक से गिरने पर मौत हो गई। कैलाश मजदूरी करता था एवं मंगलवार रात में बाइक लेकर घर से महाराज की खेड़ी की तरफ जाने के लिए रवाना हुआ था। जहां बीच रास्ते में बाइक सहित निचे गिर पड़ा। इसका पता चलने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई लक्ष्मणलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। कैलाश मजदूरी करता था।

### दो बाल श्रमिक मुक्त कराए

**उदयपुर**, (कासं)। मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने दो बाल श्रमिकों को मुक्त करवा होटल मैनेजर व ठेकेदार के खिलाफ सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। प्रकरण के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपर विजन में मानव तस्करी विरोधी यूनिट एएसआई रेखा ने सूरजपोल स्थित होटल देव दर्शन पर दबीश देकर वहां काम करने वाले दो बाल रमिकों को मुक्त करवा बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया। इस मामले में एएसआई की रिपोर्ट पर होटल मैनेजर बालमसिंह तथा ठेकेदार हरिश के खिलाफ सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

### दुकान से नकदी व माल चोरी

**उदयपुर**, (कासं)। चेतक सर्कल स्थित पान की दुकान से चोर नकदी व सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार 21 दिसंबर 24 को अज्ञात चोर चेतक स्थित आहुजा पान विक्रेता दुकान का शटर उंचा कर 35 से 40 हजार रूपये नकदी तथा करीब 1 लाख रूपये का माल चुरा ले गए। इसका पता चलने पर मालिक भीष्म कुमार रामेजा पुत्र घनश्याम लाल ने हाथीपोल थाना पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# नायलॉन या सिंथेटिक सामग्री से बने मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध

■ जिला मजिस्ट्रेट ने प्रतिबंधों को सख्ती से लागू कराने के लिए दिए आदेश

**उदयपुर**, (कासं)। पतंग उडाने के दौरान उपयोग में लिए जाने वाले अत्यधिक धारदार, नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने मांझों एवं उन पर लोहे अथवा कांच के पाउडर की प्लास्टिक कोटिंग से आमजन एवं पशु-पक्षियों को हानि पहुंचने व कई बार जनहानि होने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए पशु-पक्षियों व आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए ऐसी सामग्री से निर्मित मांझों के उपयोग व बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द पोसवाल ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पुलिस अधीक्षक, सभी उपखंड मजिस्टेऊट, तहसीलदार तथा संयुक्त निदेशक पशुपालन को प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं। आदेश में बताया कि इन मांझों से पक्षियों के घायल होने, अंग भंग होने के अलावा मृत्यु तक की घटनाएं होना संभव हैं। राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने ओ.ए. संख्या 384/2०16 खालिद अशरफ बनाम युनियन ऑफ इण्डिया में जारी आदेश दिनांक 11.7.2017 में निर्देश दिया गया है कि पतंग उडाने के लिए नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित और गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। इसी प्रकार केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के आदेश में समस्त राज्यों को पतंगबाजी के लिए उपयोग किए जाने वाले चायनीज मांझे/ नायलॉन / सिंथेटिक सामग्री / कांच लेपित धागे के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये हैं। आदेश में कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अनुपालना में नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित, चायनीज और गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व प्रतिबन्ध की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करावें। इस प्रकार के मांझे के निर्माण, भंडारण, विक्रय और उपयोग पर भी तत्काल रोक लगाई जाए। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम एवं अन्य संबन्धित वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिला मजिस्टेऊट ने संयुक्त निदेशक पशुपालन को घायल पक्षियों के बचाव हेतु विशेष प्रबंध करवाते हुए उनके इलाज के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं एवं पक्षी प्रेमियों के सहयोग से पक्षी चिकित्सा शिविर लगाने के लिए निर्देश दिए। ताकि घायल पक्षियों का समय पर उपचार किया जा सके। इसक लिए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए।

### ठगी करने वाला गिरफ्तार

**कानोड़**, (निसं)। गरीब अनपढ़ आदिवासी महिलाओं के साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मुकेश चंद्र खटीक ने बताया कि प्रार्थीया मोहनी बाई पत्नी उदयलाल रावत निवासी पीपलवास ने रिपोर्ट देकर बताया की कि सुरत लाल उर्फ सुरेश रावत (मीणा) ने 13 वर्ष पूर्व वर्ष 2011 में आंगनवाडी विकास व पोषाहार के लिये कागजो पर अंगुठा लगवाया था, बहला फुसला कर उसकी कार में बिठाकर पहले कानोड सहकारी समति जो होमाखाडी (कानोड) ले गया ओर 2-3 कागजों पर अंगुठा करवाया उसके बाद वह भीण्डर किसी बैंक में ले जाकर सुरेश ने फोटो पहचान पत्र, कुपन की फोटो कोपी भी ली ओर मेरे खाली कागजों पर अंगूठे भी लगवाये उसके बाद उसने कहा की आप आंगनवाडी में सदस्य बन गये हो जब भी आंगनवाडी की बैठक होगी उसमें बुलवायेंगे।

## 79.100 किलोग्राम गांजे के पौधे बरामद

■ गांजे की खेती के संबंध में कोई अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने पर गांजे के पौधों को खेत से उखाड़कर जब्त किया

**बांसवाड़ा**, (निसं)। सल्लोपाट थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के गुजरात बोर्डर स्थित पोलापाण गांव में एक खेत में गांजे की फसल पर कार्यवाही करते हुए 79.100 किलोग्राम के हरे पौधे जब्त कर खेत मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 7 जनवरी की सायं वे जाप्ते के साथ गश्त के दौरान पोलापाण गांव से गुजर रहे थे कि रोड के पास स्थित एक खेत में गेहूं की फसल खडी होकर जिसके अंदर मेड के पास-पास विचित्र किस्म के हरे पौधे नजर आ रहे थे जो संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस जाप्ते ने पास जाकर देखा तो खेत में गेहूं की फसल व मेड के बीच में गांजे के बडे-बडे 9 हरे पौधे जिनकी लंबाई 7 से 8 फीट होकर पौधों पर फूल व डोडिया आई हुई थी एवं बीच-बीच में कहीं-कहीं पांच छोटे-छोटे पौधे जो एक-दो फीट के भी थे। खेत के संबंध में आस-पास के लोगों से जानकारी ली तो यह खेत महेश पुत्र हुरपाल मालीवाड निवासी पोलापाण के कब्जे काश्त का होना बताया गया। पास ही स्थित महेश के मकान पर तहकीकात की गयी तो ताला लगा होना पाया गया। अभियुक्त महेश मालीवाड के खेत पर गांजे की खेती के संबंध में कोई अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने से उक्त गांजे के पौधों को खेत से उखाडकर जब्त किया गया वहीं अवैध रुप से खेत में गांजे की खेती करने पर अभियुक्त महेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि अभियुक्त महेश फरार है जिसकी तलाश जारी है। आईजीपी एस. परिमला, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के निर्देशन व बागीदौरा वृत्ताधिकारी संदीप सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना सल्लोपाट की टीम ने ऐरिया डोमिशन अभियान के तहत सर्कल में सतत गश्त एवं निगरानी रखते हुए यह कार्यवाही की। पुलिस टीम में थानाधिकारी देवीलाल, हैड कांस्टेबल प्रकाशचंद्र, कांस्टेबल शैतानराम, युवराज व चालक कांस्टेबल महेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**राजसमंद**, (निसं)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का आयोजन ०1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने एसआरके कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत सडक सुरक्षा जागरूकता के पेम्पलेट वितरित किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई और हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट न केवल दुपहिया वाहन चालकों के लिए बल्कि पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए भी अनिवार्य है। हेलमेट के साथ चिन स्ट्रैप का उपयोग दुर्घटनाओं के दौरान सिर पर चोट लगने की संभावना को 7० प्रतिशत तक कम करता है।

### शिविर संपन्न

**उदयपुर**, (कासं)। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में आयोजित पांच दिवसीय पंचकर्म शिविर का समापन समारोह अतिरिक्त निदेशक कृपा संत, उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, डॉ. मुख्तियार सिंह और डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा के आतिथ्य में आयोजित हुआ।

## सार-समाचार

### प्रदर्शनी के पुरस्कारों की घोषणा

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान ललित कला अकादमी की 44वीं छात्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के 10 छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है। अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इसमें जयपुर की किरण कोली की इकोज आफ ए लॉस्ट हैवन-3, अनन्या दलवी की स्ट्रींग आफ फेट, शिशुपाल पटेल की मिटोसिस, किरण तातावत की अनब्रोकन बॉण्डस, भानू प्रिया जांगिड की मेजेशियन व नताशा भारद्वाज स्पलेश ऑफ जॉय विषयक, नागौर के हेमन्त चौहान की संभवत एकीकरण-1, अजमेर की गरिमा इन्दौरा की अनटाईटिल्ड, बांसवाड़ा के निशांत श्रीमाली द मानसून, कोटा के लोकेश गुर्जर की गर्भजीवन, पर आधारित कलाकृति का चयन किया है। प्रदर्शनी हेतु राज्य भर से 208 छात्र-छात्राओं की 520 कलाकृतियां प्राप्त हुई थी जिसमें से निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिये 97 छात्र-छात्राओं की 117 कलाकृतियों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित हैं। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर चयनित 10 छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रूपये के नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे।

### वार्ड 17 में मतदान कल

**कपासन**, (निसं)। नगर पालिका के वार्ड 17 (ओबीसी महिला) के उपचुनाव के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह उपचुनाव कल गुरुवार को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक होगा। उपचुनाव में भाजपा और कांठोस के बीच सीधा मुकाबला है।निर्वाचन अधिकारी आरओ राजेश सुहालका ने बताया कि वार्ड 17 के उपचुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दो बूथों पर होगा, जिनमें से एक बूथ भवानीशंकर नंदवाना राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में स्थित है। मतदान दल बूथ पर पहुंच चुके हैं और मतदान प्रक्रिया के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस वार्ड में कुल 885 मतदाता हैं, जिनमें से 443 पुरुष और 442 महिला मतदाता हैं। बूथ संख्या 22 पर 485 मतदाता और बूथ संख्या 23 पर 400 मतदाता हैं। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू होगी और शाम 5 बजे तक चलेगी।कांठोस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर वार्ड 17 के उपचुनाव में भाजपा की प्रत्याशी रुबीना बानो और कांग्रेस की प्रत्याशी तस्नीम बानो के बीच सीधी टक्कर है। मतगणना 10 जनवरी शुक्रवार को सुबह 9 बजे से एसडीएम कार्यालय स्थित उपकोष कार्यालय में शुरू होगी। मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी, जिससे चुनावी परिणामों का स्पष्ट रूप से पता चलेगा। इससे पूर्व इस वार्ड 17 की पार्षद शहनाज़ बैगम का गत 1 जून को निधन हो जाने से उपचुनाव हो रहा है।

### वाहन चालकों से की समझाइश

**उदयपुर**, (कासं)।परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चौराहों पर वाहन चालकों के साथ समझाइश के साथ ही रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत की। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक विपिन माहेश्वरी ने आधार फाउण्डेशन के सहयोग से रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाइ। इस दौरान वाहन चालकों को फर्स्ट रिस्पांडर की ट्रेनिंग भी दी और गोल्डन हॉवर्स का महत्व बताया।

### प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित

**उदयपुर**, (कासं)। अनुजा निगम की ओर से स्वच्छता उद्यमी योजना (नमस्ते) योजना के तहत ऋण के प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है। निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने वीना मेहरचंदानी ने बताया कि योजनान्तर्गत सफाई कर्मचारियों (सफाई मित्र) को सफाई मशीन यथा गटर टैंक एवं ट्रेक्टर, मोबाइल टॉयलेट, सुलभ शौचालय निर्माण-कंपोस्ट खाद का वाहन व कचरा संग्रहण के वाहन मशीन क्रय करने हेतु ऋण के प्रस्ताव ऑफलाइन आवेदन के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति मय मांग पत्र एवं कोटेशन सहित जारी कर जिला परिषद स्थित अनुजा निगम के जिला कार्यालय को 20 फरवरी भिजवा सकते हैं, ताकि सफाई कर्मचारियों को सफाई की मशीनों के लिए ऋण स्वीकृत किया जा सके। ऋण वितरण का कार्य पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जावेगा।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में उमड़ रही भीड़

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में ग्रामीणों की भारी भीड देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए ग्रामीण भारी तादाद में शिविर का लाभ उठा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन किया जा रहे हैं। मंगलवार को सीएचसी मे पुराना अस्पताल डूँगरपुर, गामडी आहडा, व गैंजी पीएचसी मे जेठाना व देवडाबडा पर शिविर का आयोजन किया गया। वही 10 जनवरी को सीएचसी गलियाकोट व बिछिवाडा, पीएचसी पादडी बडी मे शिविर आयोजित किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हितों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन किए जा रहे है। उन्होंने बताया चिकित्सा विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाये जा रहे हैं। चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया।





**आम-सूचना**

डिस्ट्रीक्ट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी राजसमन्द (राज.)के पत्र F1/DEIAA/Mines/2016/1773 दिनांक 16/12/2016 द्वारा मैसर्स शैलानी मार्बल एम.एल.नम्बर 782/1989, एरिया 1.00 हेक्टर, वास्ते मार्बल, निकट ग्राम मोरचना तहसील राजसमन्द व जिला राजसमंद के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई है। उक्त पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।


### स्वेटर-जूते बांटे

**उदयपुर**, (कासं)। ठंड के मद्देनजर जिले के ढीकली ग्राम पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चरमा तलाई में भामाशाहों द्वारा 50 स्कूली विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते वितरित किए।

प्रधानाध्यापिका रेखा गमेती ने बताया कि भामाशाह आदित्य बोहरा एवं आकांक्षा तिवारी बोहरा ने अशोक बोहरा की प्रेरणा से विद्यार्थियों को स्वेटर-जूते भेंट किए।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in,nagarpalikanathdwara@gmail.com Phone-02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/भूमि/24/15252 दिनांक : 07/01/2025

**-:आपत्ती विज्ञप्ती:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका में राजस्व ग्राम राबचा तहसील नाथद्वारा के खसरा नं.95,1632/95 कुल रकबा 0.1644 हैक्टर भूमि भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010के तहतमास्टर प्लान मेंपरिधि नियंत्रण पट्टी से स्पोर्टस काम्पलेक्स प्रयोजन भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो वह व्यक्ति समाचार में प्रकाशित होने से 07 दिवस के अन्दर तक आपत्ती दर्ज करा सकता है। प्रस्तावित स्थल का विवरण निम्न सारणी अनुसार है। अवधि निकलने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम व्यक्ति/संस्था का नाम | चाहा गया भू उपयोग परिवर्तन | प्रस्तावित स्थल का विवरण सीमाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री रामलाल गमेती पिता देवीलाल गमेती निवासी सुश का ढाणा,उपली ओडन तहसीह नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स | अन्य भूमि आ.न.94 | अन्य भूमि आ.न.96 | 30 फिट रोड | अन्य भूमि |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in,nagarpalikanathdwara@gmail.com Phone-02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/नामा/24/15276 दिनांक : 08/01/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो वह व्यक्ति समाचार में प्रकाशित होने से 07 दिवस(कार्य दिवस ) नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें। अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | नाम व्यक्ति/संस्था का नाम | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री लक्ष्मण कुमार पुरोहित पिता श्री प्रियदास पुरोहित निवासी सी-295, अवध हेलीकोनिया,होम्स टूकवाडा, पारडी जिला वलसाड़ (गुजरात) | भूखण्ड संख्या 154 क्षेत्रफल 1225, वर्गफिट, मीरा नगर, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 155 | 30 फिट चौडा रास्ता | 30 फिट चौडा रास्ता | भूखण्ड संख्या 163 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## 5 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

■ वांछित अपराधियों की धरपकड एवं एरिया डॉमिनेशन के लिये चलाये गये अभियान के तहत आरोपियों को दबोचा

**बांसवाड़ा**, (निसं)। पुलिस थाना अरथूना ने तीन वर्षों से फरार 15 हजार रुपये के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी प्रकाशचंद्र ने बताया कि 30 मार्च 2022 को प्रार्थी सुरज पुत्र मांगीलाल बंजारा निवासी हमीरपुरा थाना कलिंजरा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रिपोर्ट दी कि प्रार्थी ने 15 फरवरी 2022 को जरिये विक्रय अनुबंध पत्र के प्रहलाद पुत्र नाकसी मसार निवासी रेगनिया को जेसीबी मशीन 3 लाख 70 हजार रुपये व उक्त वाहन पर फाईनेंस कंपनी की 46 किश्ते जिसकी प्रति किश्त 35 हजार 199 रुपये के हिसाब से प्रतिमाह अदा की जानी सहित विक्रय किया। जिसमें अमृत कनिपा व संदेश उर्फ संदीप कनिपा गवाह बने।

प्रार्थी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसे फाईनेंस कंपनी से फोन आया तब पता चला कि प्रहलाद ने उक्त फाईनेंस कंपनी की बकाश किश्त जमा नहीं कराई जिस पर उसने प्रहलाद से संपर्क किया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया एवं प्रार्थी जब प्रहलाद के घर पहुंचा तो वह घर पर भी नहीं मिला। प्रार्थी ने अमृत व संदीप से भी संपर्क किया तो उन्होंने कोई अता-पता नहीं होने की जानकारी दी।

इस प्रकार अभियुक्तगण ने उक्त विक्रय अनुबंध की शर्तों की अवहेलना करते हुए बकाया किश्त राशि का भुगतान नहीं किया एवं आरोपियों ने जेसीबी मशीन हडपकर धोखाधडी की है। जिस पर भादस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के दौरान अभियुक्त प्रहलाद व अमृत उर्फ हमतु कनिपा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया वहीं प्रकरण में अदम गिरफ्तार अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश व बिलाल की गिरफ्तारी के लिये तलाश की गयी लेकिन दोनों गिरफ्तारी से बचने के लिये अपनी सकुनत से फरार हो गये। पुलिस अधीक्षक के आदेश की पालना में अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश की गिरफ्तारी के लिये 15 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर अभियुक्त की तलाश जारी रखी।

पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड एवं एरिया डॉमिनेशन के लिये 7 से 8 जनवरी तक चलाये गये अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज व गढी वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में टीम गठित कर थाना हाजा पर धारा 299 सीआरपीसी में वांछित विगत तीन वर्षो से फरार 15 हजार के ईनामी अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश पुत्र रुमाल उर्फ रुमालिया कनिपा निवासी मलापा झरियाणा थाना आसपुर जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसएचओ प्रकाशचंद्र, हैड कांस्टेबल खोमचंद व सतीश कुमार, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह व मनमोहन शामिल रहे।

